॥ओ३म॥

महाविद्यालय समाचार पत्रिका

# जौनसार दर्पण

S.M.R. JANJATIYA (P.G.) COLLEGE SAHIYA, DEHRADUN
विद्या ददाति विनयम्

अंक :2 वर्ष :2 (1 जुलाई, 2025 से 31 मार्च, 2026) पृष्ठ 32

www.smrpgcollege.in
smrpgcollege@gmail.com














प्रकाशक
सूचना, संचार एवं प्रकाशन विभाग
एसएमआर जनजातीय (पीजी) कॉलेज
साहिया, देहरादून

# महाविद्यालय का परिचय

उत्तराखण्ड की प्राकृतिक सुंदरता से समृद्ध और जौनसार बावर क्षेत्र की हृदयस्थली साहिया में स्थित सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज इस क्षेत्र की शिक्षा यात्रा का एक महत्त्वपूर्ण अध्याय है। तीन दशकों से अधिक समय तक चले दृढ़ संकल्प और अथक प्रयासों के बाद, यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित हुआ।

शुरुआत में, वर्ष 2010 में ग्लोबल शिक्षा समिति (समाल्टा) द्वारा जौनसार बावर के साहिया में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय का अध्ययन केंद्र स्थापित किया गया, जिसका उद्देश्य जनजातीय छात्र-छात्राओं को दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से उच्च शिक्षा का लाभ प्रदान करना था। क्षेत्र में उच्च शिक्षा के प्रति उत्साह को देखते हुए, वर्ष 2017 में सरदार महिपाल राजेन्द्र स्नातक महाविद्यालय की स्थापना की गई, जिसे 6 जून 2018 को श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से स्नातक और बाद में स्नातकोत्तर तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए सम्बद्धता प्राप्त हुई।

ऐतिहासिक रूप से 'कुलिन्द' के नाम से प्रसिद्ध जौनसार बावर क्षेत्र अपनी प्राचीन ज्ञान-विज्ञान और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के लिए जाना जाता है। यह क्षेत्र कलिन्द गिरि से प्रवाहित कालिन्दी (यमुना) की पवित्र धारा की उज्ज्वल संस्कृति को संजोए हुए है, जिसने न केवल उत्तराखण्ड बल्कि पूरे भारतवर्ष में अपना एक विशिष्ट स्थान बनाया है। यह महाविद्यालय इस गौरवशाली परम्परा को पुनर्स्थापित करने के अपने प्रयासों में जुटा है। प्राकृतिक कठिनाइयों के बावजूद, इस महाविद्यालय ने स्थानीय छात्र-छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा की सहज और सुलभ व्यवस्था प्रदान की है। क्षेत्र के विद्यार्थियों को अब सुदूर शहरों का रुख करने की आवश्यकता नहीं है, और वे अपने गृह क्षेत्र में ही उच्च शिक्षा प्राप्त कर, राज्य और राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। जौनसार बावर के माध्यमिक विद्यालयों से उत्तीर्ण विद्यार्थी अब इस महाविद्यालय के माध्यम से अपने शैक्षिक और व्यावसायिक सपनों को साकार कर रहे हैं, जो निःसंदेह एक गर्वित और प्रेरणादायी उपलब्धि है।

यह महाविद्यालय केवल एक शैक्षिक संस्थान नहीं, बल्कि क्षेत्र की सामाजिक और सांस्कृतिक उन्नति का सशक्त माध्यम है।

## विशेष सहयोग



**डॉ. रवि कुमार**
प्राचार्य
नेट, पी.एच.डी. (भूगोल)



**डॉ. प्रियंका जलाल**
उप-प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष, गृह विज्ञान
नेट, पी.एच.डी. (गृह विज्ञान)



**डॉ. शशिकला**
विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग,
पी.एच.डी. (हिन्दी)



**डॉ. रेनू देवी**
विभागाध्यक्ष इतिहास
नेट, पी.एच.डी. (इतिहास)



**श्री रिंकूदास**
विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान
नेट (राजनीति विज्ञान)



**श्री प्रदीप कुमार**
विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र
नेट (समाजशास्त्र)



**श्री वरुण प्रसाद सेमवाल**
विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र
यू.सेट (अर्थशास्त्र)



**सुश्री रेखा**
विभागाध्यक्ष अंग्रेजी
नेट (अंग्रेजी)



**श्री भरत सिंह**
सहायक प्राध्यापक
चित्रकला विभाग



**सुश्री आशा सिंह**
विभागाध्यक्ष
नेट (शिक्षा शास्त्र)



**डॉ. चन्द्रिका**
विभागाध्यक्ष, संस्कृत
पी.एच.डी. (संस्कृत)

# सरदार महिपाल राजेन्द्र
## जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज, साहिया, देहरादून

### संदेश



मुझे अत्यंत हर्ष एवं गर्व का अनुभव हो रहा है कि सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज, साहिया की वार्षिक समाचार पत्रिका 'जौनसार दर्पण' का द्वितीय संस्करण प्रकाशित हो रहा है। यह समाचार पत्रिका हमारे महाविद्यालय के एक पूरे शैक्षणिक वर्ष की उपलब्धियों, गतिविधियों और प्रेरणादायक प्रयासों का सजीव दस्तावेज है। विगत शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय ने शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों, सामाजिक सरोकारों और विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। इन सफलताओं में हमारे प्राध्यापकों के मार्गदर्शन, कर्मचारियों के सहयोग तथा छात्र-छात्राओं के अनुशासन, परिश्रम और प्रतिभा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह पत्रिका उन सभी प्रयासों को संजोते हुए भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का माध्यम बनेगी।

जौनसार-बावर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जनजातीय पहचान हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप हमारा महाविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार, नैतिक मूल्यों और स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

मैं 'जौनसार दर्पण' के संपादकीय मंडल, प्रकाशन समिति तथा इस अंक के प्रकाशन में सहयोग देने वाले सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ। मेरी कामना है कि यह पत्रिका महाविद्यालय की उपलब्धियों को नई पहचान दिलाते हुए छात्रों में ज्ञान, सृजनशीलता और उत्कृष्टता की भावना को निरंतर प्रोत्साहित करती रहे।

**अनिल सिंह तोमर**
चेयरमैन

# सम्पादकीय....



प्रिय पाठकगण,

महाविद्यालय के संवाद पत्र जौनसार दर्पण के द्वितीय अंक को आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए हृदय गर्व, संतोष और प्रसन्नता से भर उठा है। मुख्य संपादक के रूप में यह मेरे लिए केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि एक ऐसा सौभाग्य है जिसके माध्यम से मुझे महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं सामाजिक उपलब्धियों को शब्दों में अभिव्यक्त करने का अवसर प्राप्त हुआ है। भारतीय ज्ञान परम्परा में शिक्षा को मानव जीवन का सर्वोच्च आलोक माना गया है। इसी संदर्भ में शास्त्रों में कहा गया है-

**"विद्या ददाति विनयं, विनयाद् याति पात्रताम्। पात्रत्वात् धनमाप्नोति, धनात् धर्मं ततः सुखम्॥**

हमारा महाविद्यालय इसी आदर्श को आत्मसात करते हुए विद्यार्थियों को केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं प्रदान करता, बल्कि उन्हें नैतिक मूल्यों, मानवीय संवेदनाओं, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रीय चेतना से भी जोड़ने का सतत् प्रयास करता है। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता प्राप्त करना नहीं है, बल्कि ऐसे व्यक्तित्व का निर्माण करना है, जो व्यक्ति को समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनने के लिए प्रेरित करे।

गत शैक्षणिक सत्र के दौरान महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों, संगोष्ठियों, प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों के ज्ञान-विस्तार और व्यक्तित्व विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यार्थियों ने खेल प्रतियोगिताओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट परिचय देते हुए अनेक उपलब्धियाँ अर्जित कीं तथा महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। सांस्कृतिक मंचों पर नृत्य, संगीत, नाटक, लोककला और साहित्यिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को अभिव्यक्ति मिली। इन आयोजनों ने न केवल उनकी रचनात्मक क्षमताओं को निखारा, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, मतदाता जागरूकता तथा विभिन्न जनकल्याणकारी अभियानों में सक्रिय सहभागिता निभाकर समाज-सेवा की भावना को सशक्त बनाया। यह सहभागिता इस तथ्य को सिद्ध करती है कि शिक्षा तभी सार्थक होती है जब वह समाज के प्रति संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व का भाव विकसित करे। जौनसार दर्पण केवल घटनाओं और उपलब्धियों का संकलन मात्र नहीं है, बल्कि यह महाविद्यालय की जीवंत शैक्षणिक संस्कृति, विद्यार्थियों की रचनात्मक ऊर्जा तथा उनकी अनंत संभावनाओं का प्रतिबिंब है। यह पत्रिका उन सपनों, प्रयासों और उपलब्धियों का दस्तावेज है जो हमारे विद्यार्थियों को भविष्य की नई ऊँचाइयों तक पहुँचने के लिए प्रेरित करती हैं।

मैं महाविद्यालय के माननीय संस्थाध्यक्ष महोदय एवं आदरणीय प्राचार्य महोदय के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करती हूँ, जिनके दूरदर्शी नेतृत्व, मार्गदर्शन और सतत प्रोत्साहन से यह संवाद पत्र सफलतापूर्वक प्रकाशित हो सका है। उनके संरक्षण एवं प्रेरणा के बिना यह कार्य संभव नहीं था। साथ ही मैं समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थियों, संपादकीय मंडल तथा सहयोगी साथियों का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ, जिनके अथक परिश्रम, सहयोग और समर्पण ने इस अंक को सार्थक स्वरूप प्रदान किया है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि जौनसार दर्पण का यह अंक पाठकों को प्रेरित करेगा, उनके विचारों को नई दिशा देगा तथा उन्हें ज्ञान, सृजनशीलता और सकारात्मकता के पथ पर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित करेगा। शिक्षा वह प्रकाश है जो व्यक्ति को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान, विवेक और मानवता के उज्ज्वल मार्ग की ओर ले जाती है।

अंत में, कर्म और पुरुषार्थ की महत्ता को प्रतिपादित करता यह प्रेरणास्पद श्लोक हम सभी के लिए मार्गदर्शक बने।

**"उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः। न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः॥"**

इन्हीं मंगलकामनाओं के साथ

**रेखा**
सहायक प्राध्यापिका, अंग्रेजी विभाग
मुख्य संपादक, जौनसार दर्पण

# स्व. राजेन्द्र तोमर की पुण्यतिथि पर श्रद्धाञ्जलि सभा आयोजित

**साहिया 7 जुलाई, 2025।** जनजातीय पीजी कॉलेज में स्वर्गीय राजेंद्र सिंह तोमर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वर्गीय तोमर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए तथा उनकी स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हे भावभानी श्रद्धांजलि दी गई। स्वर्गीय राजेन्द्र सिंह तोमर ने जौनसार-बावर में उच्च शिक्षा के विकास में उल्लेखनीय योगदान एवं उनके दूरदर्शी प्रयासो एवं संकल्प के कारण ही साहिया डिग्री कॉलेज की स्थापना संभव हो सकी। आज यह महाविद्यालय जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा, आशा और प्रगति का महत्वपूर्ण केन्द्र बन चुका है।



स्वर्गीय राजेंद्र सिंह तोमर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा



# पुस्तकालय ज्ञान का केन्द्र, छात्रों के भविष्य का आधार : डॉ. चन्द्रिका

**साहिया 12 अगस्त, 2025।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज साहिया में राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय रूप से मनाया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम संयोजिका डॉ. चंद्रिका ने भारत में पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने वाले महान विद्वान पद्मश्री डॉ. एस आर रंगनाथन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने डॉ. रंगनाथन द्वारा प्रतिपादित पुस्तकालय विज्ञान के पांच नियमों को सरल एवं प्रभावी ढंग से छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया तथा पुस्तकालयों की शैक्षिक एवं सामाजिक भूमिका पर प्रभाव डाला। महाविद्यालय की उप-प्राचार्य डॉ. प्रियंका जलाल ने छात्र छात्राओं को पुस्तकों के सदुपयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का भण्डार है और उस भण्डार में उपलब्ध पुस्तकें व्यक्तित्व निर्माण में अद्वितीय भूमिका निभाती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को लेखनी वितरण कर प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम सह-संयोजक गम्भीर तोमर, प्राध्यापिका रेखा, पूजा पाण्डेय, रितेश चौहान, मुकेश तोमर, साहिल राय एवं छात्र छात्राओं में सोनिया, काजल, मोनिका, रेखा, मनीष, दिनेश, कविता, आदित्य, अमिता, रविता, मिथुनी, श्यामा, याशिका तथा अंबिका आदि उपस्थित रहे।

# 79वाँ स्वतंत्रता दिवस पर देश भक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रमों का भव्य आयोजन



**साहिया 15 अगस्त, 2025।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया में 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास गरिमा एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ध्वजारोहण के साथ किया गया। इसके पश्चात् सभी उपस्थित जनों ने राष्ट्रगान गाया तथा देशभक्ति के नारों से परिसर को गुंजायमान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री सरदार सिंह तोमर, अध्यक्ष ग्लोबल शिक्षा समिति उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री दौलत सिंह संचालक, सारथी ट्रेनिंग सेंटर तथा, श्री अतर सिंह, सह-संचालक ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम संयोजक रेखा, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी विभाग द्वारा अतिथियों का बैज अंलकरण कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एकल नृत्य, लोक गीत, नृत्य, देशभक्ति गीत एवं भाषण जैसी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई। जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम की प्रत्येक प्रस्तुति में देशप्रेम, बलिदान एवं राष्ट्रीय एकता की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई।

कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रवि कुमार के वक्तव्य से हुआ, अपने वक्तव्य में उन्होंने आजादी के लिए हुए संघर्षों एवं आजादी के लिए हुए शहीदों को याद कर सभी को आजादी बनाए रखने के लिए देश के विकास में योगदान देने को प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि श्री दौलत सिंह एवं अतर सिंह ने अपने संबोधन में वीर शहीदों को स्मरण करते हुए छात्र-छात्राओं को निष्ठा, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सरदार सिंह तोमर, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रवि कुमार, उप-प्राचार्य डॉ. प्रियंका जलाल, अन्य अतिथि केशर सिंह तोमर, महाविद्यालय प्राध्यापक डॉ. चंद्रिका, डॉक्टर रेनु देवी, पूजा पांडे, रिंकू दास, प्रदीप कुमार तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में रितेश चौहान, मुकेश तोमर, नरेश चौहान, गंभीर चौहान, साहिल राय, गंभीर तोमर, खुशी, अनीता देवी, गीता देवी तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में काजल, सोनिया याशिका, रविता, अंबिका, अमिता, नमिता, मोनिका, आदित्य तोमर, पंकज, सचिन, आंचल, आशीष, गीता, पायल, रेखा आदि उपस्थित रहें।




एक विचार लोय उसी विचार को अपना जीवन बनाओ उसी का चिन्तन करो, उसी का स्वप्न देखो और उसी में जीवन बिताओ। तुम्हारा मस्तिष्क, स्नायु, शरीर के सर्वाङ्ग उसीके विचार से पूर्ण रहें। दूसरे सारे विचार छोड़ दो। यही सिद्ध होने का उपाय हैय और इसी उपाय से बड़े बड़े धर्मवीरों की उत्पत्ति हुई है। शेष सब तो बातें करने वाले यन्त्र मात्र है। यदि हम सचमुच स्वयं कृतार्थ होना और दूसरों का उद्धार करना चाहें, तो हमें गहराई तक जाना होगा।

**स्वामी विवेकानन्द**

# अभिविन्यास कार्यक्रम में नवप्रवेशितों का स्वागत




**साहिया 22 अगस्त, 2025।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज, साहिया में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नयी शिक्षा नीति- 2020 की जानकारी साझा करना एवं विषयों की अनुरूपता के आधार पर महाविद्यालयों में संचालित पाठयक्रमों के अन्तर्गत शैक्षणिक एवं गैर सह-शैक्षणिक क्रियाकलापों की जानकारी साझा करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व मंत्रोच्चारण से हुआ। नवागंतुक छात्र-छात्राओं ने आत्म-परिचय दिया, वहीं विभिन्न विषयाध्यापकों ने अपने विषय संबंधी जानकारी साझा की। इस अवसर पर एनईपी-2020 के प्रावधानों एवं महाविद्यालय की गतिविधियों और महाविद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया गया।

उप-प्राचार्य डॉ. प्रियंका जलाल ने परीक्षा प्रणाली से संबंधित जानकारी साझा की और छात्रों को गंभीरता व सजगता के साथ तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ.. रवि कुमार ने महाविद्यालय के उद्देश्य, लक्ष्य और अनुशासन पर अपने विचार रखते हुए छात्र-छात्राओं को अनुशासित व लक्ष्याभिमुख बनने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय के चेयरमैन श्री अनिल सिंह तोमर के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय क्षेत्र के अन्य महाविद्यालयों की तुलना में अधिक विषयों की सुविधा प्रदान करता है। वर्तमान में यहाँ 12 विषय संचालित हो रहे हैं, जिससे छात्रों को प्रवेश के समय अधिक विकल्प प्राप्त होते हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में ऐसे विषय भी उपलब्ध हैं, जो त्यूनी, चकराता और डाकपत्थर तक के किसी भी महाविद्यालय में संचालित नहीं हैं। साथ ही, महाविद्यालय में सभी विषयों के लिए अनुभवी शिक्षक कार्यरत हैं, जो विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक आशा सिंह सहित महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. शशिकला, डॉ. चंद्रिका, डॉ. रेनू देवी, रेखा, पूजा पांडेय, एवं नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं में सुजल, शिवानी, श्यामा, शिवानी रावत, साक्षी, पंकज, मनीष, मीरा, मोनिका, ममता, नन्दनी, सारिका, सपना, कुशल शर्मा एवं प्रिया नेगी आदि की उपस्थिति रही।

# मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि, खेलो के महत्व का दिया सन्देश




**साहिया 29 अगस्त, 2025।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज साहिया हॉल में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम संयोजक डॉ. शशिकला ने मेजर ध्यानचंद के जीवन, संघर्ष एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका अनुशासन समर्पण एवं खेल भावना आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व से अवगत कराना तथा उन्हे खेल-कूद एवं शारीरिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिये प्रेरित करना रहा।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रवि कुमार, उप-प्राचार्य प्रियंका जलाल, डॉ. शशिकला, डॉ. चन्द्रिका, डॉ. रेनू देवी, रेखा, पूजा पाण्डेय, आशा, प्रदीप कुमार, रिंकुदास, वरूण प्रसाद, एवं शिक्षणेतर कर्मचारी गम्भीर सिंह, रितेश चौहान, नरेश चौहान, मुकेश तोमर, साहिल राय सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण, अनुशासित एवं प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# साहिया कॉलेज में शैक्षणिक परिषद की बैठक सम्पन्न



**साहिया 30 अगस्त, 2025।** महाविद्यालय में सत्र 2025-26 की शैक्षणिक परिषद की प्रथम बैठक का आयोजन संस्थाध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन परिषद की सदस्य सचिव सदस्य सचिव डॉ. प्रियंका जलाल द्वारा किया गया। बैठक में 13 विषयों पर चर्चा की गयी जिसमें से 4 विषयों को सर्वसम्मति से कार्य परिषद को अनुमोदन के लिये अग्रसारित किया गया। 8 विषयों/ प्रस्तावों को स्वीकार कर लागू किया गया और 1 प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया।

संस्थाध्यक्ष अनिल सिंह तोमर ने कहा कि बैठक में लिये गये निर्णयों से महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी, साथ ही छात्र-हित और महाविद्यालय की प्रगति को सुदृढ़ आधार प्राप्त होगा। प्राचार्य डॉ. रवि कुमार ने कहां कि शैक्षणिक परिषद के निर्णय महाविद्यालय की अकादमिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर परिषद में सदस्य डॉ. चन्द्रिका, डॉ. रेनू देवी, रेखा, पूजा पाण्डेय, आशा, प्रदीप कुमार, रिंकुदास, वरूण प्रसाद, कलम सिंह नेगी, सुनील दत्त व आमन्त्रित सदस्य गम्भीर सिंह, श्री रितेश चौहान, नरेश चौहान, मुकेश तोमर, श्री साहिल राय, नितिन तोमर, सुरेश चौहान, रीता तोमर आदि उपस्थित रहें।



## हिमालय संरक्षण का लिया संकल्प

**साहिया 2 सितम्बर, 2025।** एसएमआर महाविद्यालय में हिन्दुस्तान समाचार पत्र के तत्त्वावधान में हिमालय बचाओं अभियान के अन्तर्गत पर्यावरण एवं हिमालय की सुरक्षा एवं संवर्धन हेतु शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए हिमालय को बचाना रहा।

इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर द्वारा हिन्दुस्तान समाचार पत्र के द्वारा आयोजित हिमालय बचाओ मुहिम की सराहना की और हिमालय पर्यावरण को बचाने के लिए छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत के साथ-साथ सामूहिक रूप से प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

## एनएसएस एक दिवसीय शिविर सम्पन्न

**साहिया 10 सितंबर 2025।** महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य स्वयंसेवी को पर्यावरण एवं उसके संरक्षण हेतु सूचना प्रदान करना रहा।




कार्यक्रम एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी वरुण प्रसाद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हमारा मौलिक कर्तव्य है। इस कार्यक्रम में मेरा युवा भारत कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से जुड़े युवा मंडल सदस्य अमित कोहली के साथ मिलकर स्वयंसेवियों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रवि कुमार उप-प्राचार्य डॉ. प्रियंका जलाल, डॉ. शशिकला, डॉ. रेनू, डॉ. चंद्रिका, पूजा पांडे एवं छात्र-छात्राओं में सोनिया, रवीना, पूजा, अंबिका, प्रमिला, याशिका, गीता, तनीषा, रेनू आदि उपस्थित रहे।

# साहिया कॉलेज में शैक्षणिक परिषद की बैठक सम्पन्न



**साहिया 30 अगस्त, 2025।** महाविद्यालय में सत्र 2025-26 की शैक्षणिक परिषद की प्रथम बैठक का आयोजन संस्थाध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन परिषद की सदस्य सचिव सदस्य सचिव डॉ. प्रियंका जलाल द्वारा किया गया। बैठक में 13 विषयों पर चर्चा की गयी जिसमें से 4 विषयों को सर्वसम्मति से कार्य परिषद को अनुमोदन के लिये अग्रसारित किया गया। 8 विषयों/प्रस्तावों को स्वीकार कर लागू किया गया और 1 प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया।

संस्थाध्यक्ष अनिल सिंह तोमर ने कहा कि बैठक में लिये गये निर्णयों से महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी, साथ ही छात्र-हित और महाविद्यालय की प्रगति को सुदृढ़ आधार प्राप्त होगा। प्राचार्य डॉ. रवि कुमार ने कहां कि शैक्षणिक परिषद के निर्णय महाविद्यालय की अकादमिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर परिषद में सदस्य डॉ. चन्द्रिका, डॉ. रेनू देवी, रेखा, पूजा पाण्डेय, आशा, प्रदीप कुमार, रिंकुदास, वरूण प्रसाद, कलम सिंह नेगी, सुनील दत्त व आमन्त्रित सदस्य गम्भीर सिंह, श्री रितेश चौहान, नरेश चौहान, मुकेश तोमर, श्री साहिल राय, नितिन तोमर, सुरेश चौहान, रीता तोमर आदि उपस्थित रहें।



## हिमालय संरक्षण का लिया संकल्प

**साहिया 2 सितम्बर, 2025।** एसएमआर महाविद्यालय में हिन्दुस्तान समाचार पत्र के तत्त्वावधान में हिमालय बचाओं अभियान के अन्तर्गत पर्यावरण एवं हिमालय की सुरक्षा एवं संवर्धन हेतु शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए हिमालय को बचाना रहा।

इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर द्वारा हिन्दुस्तान समाचार पत्र के द्वारा आयोजित हिमालय बचाओ मुहिम की सराहना की और हिमालय पर्यावरण को बचाने के लिए छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत के साथ-साथ सामूहिक रूप से प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

## एनएसएस एक दिवसीय शिविर सम्पन्न

**साहिया 10 सितंबर 2025।** महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य स्वयंसेवी को पर्यावरण एवं उसके संरक्षण हेतु सूचना प्रदान करना रहा।




कार्यक्रम एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी वरुण प्रसाद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हमारा मौलिक कर्तव्य है। इस कार्यक्रम में मेरा युवा भारत कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से जुड़े युवा मंडल सदस्य अमित कोहली के साथ मिलकर स्वयंसेवियों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रवि कुमार उप-प्राचार्य डॉ. प्रियंका जलाल, डॉ. शशिकला, डॉ. रेनू, डॉ. चंद्रिका, पूजा पांडे एवं छात्र-छात्राओं में सोनिया, रवीना, पूजा, अंबिका, प्रमिला, याशिका, गीता, तनीषा, रेनू आदि उपस्थित रहे।

# अर्थशास्त्र एवं गृह विज्ञान विभागीय परिषदों का गठन



**साहिया 10 सितंबर, 2025।** महाविद्यालय में अर्थशास्त्र व गृह विज्ञान विभाग के विभागीय परिषद का गठन किया गया। अर्थशास्त्र विभाग में गीता, अध्यक्ष, नंदिनी, उपाध्यक्ष, राधिका तोमर, सचिव, सुष्मिता, सह- सचिव, दीक्षा, कोषाध्यक्ष, पद पर चुने गए। गृह विज्ञान विभाग में अंजू, अध्यक्ष, अंशिका तोमर, उपाध्यक्ष, काजल, सचिव, वंशिका, सह-सचिव और अंकित, कोषाध्यक्ष पद पर चुने गए। इस अवसर पर गृह विज्ञान व अर्थशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# शिक्षाशास्त्र एवं समाजशास्त्र विभाग के विभागीय परिषदों का गठन



**साहिया 12 सितंबर, 2025।** महाविद्यालय में शिक्षाशास्त्र एवं समाजशास्त्र विभागों के तहत विभागीय परिषद का गठन किया गया। शिक्षाशास्त्र विभागीय परिषद में तनीषा तोमर को अध्यक्ष, कल्पना चौहान को उपाध्यक्ष, अंकित, सचिव, रेखा, सह- सचिव एवं सिमरन को कोषाध्यक्ष पद के लिए चुना गया। समाजशास्त्र विभाग में प्रीति को अध्यक्ष मानसी नेगी को उपाध्यक्ष, आंचल को सचिव, रिया नेगी को सह-सचिव व प्राची शर्मा को कोषाध्यक्ष पद के लिए चुना गया।



# अंग्रेजी एवं राजनीति विज्ञान विभाग के विभागीय परिषदों का गठन

**साहिया 15 सितंबर, 2025।** महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग एवं राजनीति विज्ञान विभाग के अंतर्गत विभागीय परिषद का गठन किया गया। राजनीति विज्ञान विभाग में आंचल बिष्ट को अध्यक्ष, अरुण उपाध्यक्ष, सुभाष चौहान को सचिव, तनीषा शर्मा को सह सचिव, व सौम्या चौहान को कोषाध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से चुना गया। महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग के अंतर्गत निखिल कुमार को अध्यक्ष, सनि राणा को उपाध्यक्ष, साक्षी को सचिव, पंकज दत्त को सह- सचिव, एवं नेहा को कोषाध्यक्ष पद के लिए चुना गया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग व राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र- छात्राएँ उपस्थित रहे।

# हिन्दी एवं संस्कृत विभाग में विभागीय परिषदों का गठन

**साहिया 16 सितंबर, 2025।** महाविद्यालय में हिंदी विभाग एवं संस्कृति विभाग के अंतर्गत विभागीय परिषद का गठन किया गया। हिंदी विभागीय परिषद में अध्यक्ष पद के लिए मनोज, उपाध्यक्ष, सोनिया, सचिव, प्रदीप, सह सचिव, रवीना, एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए निधि तोमर को चुना गया।

संस्कृत विभागीय परिषद के अंतर्गत सुनील कुमार भारती को अध्यक्ष, मोनिका को उपाध्यक्ष, मोनिका को सचिव, राधिका को सह-सचिव, एवं रेखा को कोषाध्यक्ष, पद के लिए सर्वसम्मति से चुना गया। इस अवसर पर हिंदी व संस्कृत विभाग की छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में शुभम एवं कविता रहे अव्वल



**साहिया 22 सितम्बर, 2025।** जनजातीय महाविद्यालय में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का (22-24 सितम्बर) आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री सरदार सिंह तोमर, अध्यक्ष ग्लोबल शिक्षा समिति समाल्टा द्वारा मसाला प्रज्वलन कर किया गया मशाल रैली का नेतृत्व गत वर्ष के चैंपियन व विजेता गोविंद चौहान, आशीष वर्मा व नरेश कुमार द्वारा किया गया। क्रीड़ा प्रभारी श्री रिंकू दास भारती ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को खेल शपथ दिलाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया।

प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर गोला फेंक, चक्का फेंक (बालिका वर्ग) भाला फेंक, व कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस पर लंबी कूद, (100 मीटर व 200 मीटर दौड़) चक्का फेक (बालक वर्ग) का आयोजन किया गया। तृतीय दिवस पर खो-खो (महिला वर्ग) एवं वॉलीबॉल (बालक वर्ग) का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के समापन दिवस पर मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश चौहान, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. प्रदीप उनियाल, कैंप नोडल अधिकारी, डॉ. विक्रम सिंह, चिकित्सा अधीक्षक साहिया, श्री अमर सिंह चौहान, बीडीसी सदस्य ने विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया और खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बालक वर्ग शुभम बी.ए. तृतीय सेमेस्टर व बालिका वर्ग में कविता बी ए पंचम सेमेस्टर को चुना गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय चेयरमैन अनिल सिंह तोमर, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रवि कुमार, उप-प्राचार्य डॉ. प्रियंका जलाल, क्रीड़ा प्रभारी रिंकू दास, सांस्कृतिक व सह-शैक्षणिक गतिविधि विभाग प्रभारी आशा, वरुण प्रसाद सेमवाल, प्रदीप कुमार, रेखा, डॉ. शशिकला, डॉ. चंद्रिका, डॉ. रेनू देवी, रितेश चौहान, श्री मुकेश तोमर, गंभीर चौहान, गंभीर तोमर, नरेश चौहान, साहिल राय, रीता तोमर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**साहिया 24 सितंबर 2025।** साहिया कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय के परांगण एवं आस-पास के क्षेत्र की सफाई कर स्वच्छता अभियान को सफलता पूर्वक बनाया। कार्यक्रम संयोजक वरुण प्रसाद सेमवाल द्वारा पर्यावरण को स्वच्छ रखने हेतु स्वयमसेवियों को शपथ भी दिलाई गई। महाविद्यालय उप- प्राचार्य, डॉ. प्रियंका जलाल द्वारा स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना के उद्देश्यों से परिचय कराते हुए स्वयंसेवियों को समाज के निमार्ण में सहयोग की भावना जागृत करने हेतु संदेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ. रेनू, श्री नरेश चौहान एवं प्रतिभागी स्वयंसेवी उपस्थित रहे।





## इतिहास एवं चित्रकला विभागों के विभागीय परिषद का गठन

**साहिया 18 सितंबर, 2025।** साहिया कॉलेज में इतिहास विभाग एवं चित्रकला विभाग के अंतर्गत विभागीय परिषद का गठन किया गया। इतिहास विभागीय परिषद में सोनिया को अध्यक्ष, अल्पना जोशी को उपाध्यक्ष, अजय को सचिव, अजीत को सह सचिव, एवं दिनेश चौहान को कोषाध्यक्ष पद पर सर्व सम्मति से चुना गया। चित्रकला विभागीय परिषद में अध्यक्ष के रूप में प्रमिला, उपाध्यक्ष, पूजा, सचिव, निधि तोमर, सहसचिव, कृतिका तोमर, और कोषाध्यक्ष पद पर काजल को चुना गया।

इस अवसर पर सोनिया, निधि, आंचल, निशा, कृतिका, अजय, प्रमिला आदि छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# 2025: छात्र प्रतिनिधि चुनाव सम्पन्न याशिका निर्विरोध अध्यक्ष घोषित



**साहिया 27 सितंबर, 2025।** साहिया कॉलेज में छात्र प्रतिनिधि चुनाव शन्तिपूर्वक एवं निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। चुनाव परिणाम के अनुसार अध्यक्ष पद पर याशिका (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर) उपाध्यक्ष पद पर रविता (बी.ए. पंचम सेमेस्टर) तथा सह-सचिव पद पर मनोज (एम.ए. तृतीय सेमेस्टर) निर्विरोध घोषित किए गए।

निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका जलाल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहां कि छात्र प्रतिनिधि चुनाव से छात्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व, क्षमता उत्तरदायित्व एवं सहभागिता की भावना का विकास होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि कुमार, डॉ. शशिकला, डॉ. रेनू देवी, डॉ. चंद्रिका, सुश्री रेखा, सुश्री आशा, रिंकू दास, प्रदीप कुमार, नितिन तोमर, भरत सिंह, गंभीर चौहान, रितेश चौहान, गंभीर तोमर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# करवा चौथ के उपलक्ष्य पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**साहिया 9 अक्टूबर, 2025।** एसएमआर महाविद्यालय में सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधि विभाग के तत्वावधान में करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को ओर अधिक भव्य बनाने के उद्देश्य से स्थानीय महिलाओं ने प्रतियाोगिता में प्रतिभाग किया तथा छात्राओं नें मेंहन्दी लगाकर उत्कर्ष प्रदर्शन कर परिचय दिया।

प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा निर्णायक आशा प्रभारी सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक विभाग द्वारा की गई। मेहेदी प्रतियोगिता में इशिता (बीए तृतीय सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान, याशिका (बीए तृतीय सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान और प्रमिला (बीए पंचम सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त प्राप्त किया। प्रभारी आशा सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है, क्योंकि इससे उनकी रचनात्मकता और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर स्थानीय लोगों के साथ-साथ याशिका, नन्दिनी, सारिका, प्रीती, प्राची, आंचल, अल्पना आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




# साहिया कॉलेज के 6 छात्रों का नॉर्थ जोन कबड्डी के लिए चयन




**चम्बा 4 अक्टूबर 2025।** श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय सत्र 2025-26 की अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 14 टीमों ने भाग लिया, जिसमें हमारे महाविद्यालय की टीम ने फाइनल मुकाबले में पंडित ललित मोहन शर्मा पीजी कॉलेज ऋषिकेश को 35-17 के अंतर से पराजित किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर महाविद्यालय के 6 छात्रों का चयन नॉर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जो 7 अक्टूबर 2025 को गलगोटिया विश्वविद्यालय, नोएडा में आयोजित होगी। चयनित खिलाड़ियों में अभिनव शर्मा (बीए 5 सेम.), ध्रुव नेगी (बीए 5 सेम.), गोविंद चौहान (बीए 1 सेम.), रोहित नेगी (बीए 1 सेम.), नीरज तोमर (बीए 1 सेम.) और अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में राहुल सिंह तोमर (बीए 1 सेम.) शमिल हैं।

## उच्च शिक्षा आपके द्वार कार्यक्रम सम्पन्न



**साहिया 6 अक्टूबर, 2025।** साहिया में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की एक पहल कार्यक्रम का विधिवत आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी निदेशक डॉ. सुभाष रमोला ने कहा कि उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय का उद्देश्य वंचित दूरस्थ क्षेत्र के विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचना है, और साथ ही उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा रोजगार परक एवं व्यवसायिक पाठयक्रमों के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयासरत् हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन, प्रचार्य, उप-प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं उपस्थित रहे।

## श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में सिरमौर बना साहिया पीजी कॉलेज

**साहिया 29 व 30 सितम्बर, 2025।** श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की 24 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें महिला वर्ग की 10 टीमों और पुरुष वर्ग से 14 टीमों ने प्रतिभाग किया। कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में आयोजक महाविद्यालय सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज की टीम ने पं. ललित मोहन शर्मा विश्वविद्यालय परिसर की टीम को हराकर लगातार दूसरी बार कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

दूसरी और महिला वर्ग मे भी सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज साहिया विजेता और आर सी यू कॉलेज उत्तरकाशी उपविजेता रही। अन्तर महाविद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में रोहित नेगी, पी जी कॉलेज साहिया महिला वर्गः शालू, पी जी कॉलेज साहिया का चयन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में किया गया।



प्रतियोगिता समापन समारोह मे महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि महाविद्यालय भविष्य में भी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एवं छात्र-हित में ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए तत्पर रहेगा।

## श्री देव सुमन विश्वविद्यालय कुश्ती में साहिया के पहलवानों का दबदबा



**हरिद्वार 11 अक्टूबर, 2025।** श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के 7 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने भार वर्ग (ग्रिको रोमन एवं फ्रिस्टाइल) में प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्वर्ण पदक जीते। विजेता खिलाड़ियों में अर्शित तोमर (61 किग्रा), सचिन कुमार (67 किग्रा), आदित्य तोमर (60 किग्रा), विशु तोमर (72 किग्रा), सागर (70 किग्रा), प्रियम (74 किग्रा) और वाशु (87 किग्रा) शामिल हैं। टीम कोच श्री सुनील शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय के पहलवानों की इस उल्लेखनीय सफलता ने न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरे जौनसार-बावर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विश्वविद्यालय परिसर ऋषिकेश में महाविद्यालय समाचार पत्रिका जौनसार दर्पण का विमोचन




**ऋषिकेश 15 अक्टूबर 2025।** पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर ऋषिकेश मे कृतिम बुद्धिमता पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में माननीय कुलपति श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय प्रो एन के जोशी एवं निदेशक पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर ऋषिकेश तथा महाविद्यालय चेयरमैन श्री अनिल सिंह तोमर द्वारा महाविद्यालय समाचार पत्रिका जौनसार दर्पण का विमोचन किया गया। जौनसार दर्पण का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों का वर्षभर की गतिविधियों को छात्र-छात्राओं एवं समाज तक पहुंचाना है।



# अभिभावक-शिक्षक समिति की कार्यकारिणी का गठन

**साहिया 17 अक्टूबर, 2025।** एसएमआर कॉलेज में अभिभावक-शिक्षक समिति की कार्यकारिणी समिति का सफलतापूर्वक गठन किया गया। समिति का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों तथा छात्र हितों से जुड़ी कार्ययोजनाओं में अभिभावकों की भूमिका को प्राथमिकता से सक्रिय करना है। कार्यकारिणी सभा में अभिभावकों द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर माया राम, उपाध्यक्ष  गम्भीर तोमर, कोषाध्यक्ष दौलत भारती , सचिव डॉ. शशिकला, सहसचिव गंभीर सिंह और सदस्य संजय चौहान, सुनीता देवी,  कमल सिंह नेगी, आनन्द सिंह को चुना गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के  विभिन्न अभिभावको सहित महाविद्यायल के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर, प्राचार्य डॉ. रवि कुमार, उप-प्राचार्या डॉ. प्रियंका जलाल, डॉ. चंद्रिका, रिंकूदास, प्रदीप कुमार, आशा सिंह रेखा तथा समस्त शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में साहिया कॉलेज की टीम ने दिखाई प्रतिभा

**ऋषिकेश 28 अक्टूबर 2025।** पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर ऋषिकेश में श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जौनसारी लोक नृत्य और एकल गायन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सामूहिक नृत्य में छात्र-छात्राओं द्वारा जौनसारी जनजाति की लोक नृत्य की विभिन्न विधाओं का ऊर्जा और रचनात्मकता के साथ प्रस्तुतीकरण किया। महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री अनिल सिंह तोमर ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय सांस्कृतिक टीम में आशीष वर्मा, प्रांजल चौहान, काजल, याशिका, सोनिया, हेमंत, अंकित, कशिश तोमर, सोनिया, मोनिका के साथ चेयरमैन अनिल सिंह तोमर, डॉ. प्रियंका जलाल, रिंकूदास भी उपस्थित रहें।



# अंतर-महाविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में साहिया टीम का शानदार प्रदर्शन



**ऋषिकेश 30-31 अक्टूबर, 2025।** पं. ललित मोहन शर्मा वि.वि. ऋषिकेश परिसर में आयोजित श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने पुरुष वर्ग में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की टीम ने अपने पहले मुकाबले में चिन्यालीसौड़ को हराया, इसके बाद दूसरे मुकाबले में टिहरी और तीसरे मुकाबले में मालदेवता को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। महाविद्यालय की टीम ने खेल के प्रति अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर श्री नितिन तोमर ने टीम मैनेजर के रूप में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया और महाविद्यालय के छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व जताया।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार बल्लभ भाई पटेल को किया याद

**साहिया 31 अक्टूबर, 2025।** साहिया कॉलेज में लौहपुरुष सरदार वल्लबभाई पटेल जी की जयंती को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के सम्मुख आयोजित राष्ट्रीय एकता परेड का सीधा प्रसारण दिखाया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनके बलिदान को उजागर करना रहा। महाविद्यालय की उप-प्राचार्य डॉ. प्रियंका जलाल एवं सांस्कृतिक प्रभारी आशा सिंह ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, स्वतंत्रता संग्राम में उनके अद्वितीय प्रयासों पर विद्यार्थियों को प्रेरक जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के



सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

# जौनसार बावर में उच्च शिक्षा के लिए साहिया कॉलेज का महत्वपूर्ण योगदानः श्रीचन्द शर्मा



**साहिया 1 नवंबर, 2025।** एसएमआर कॉलेज में शैक्षणिक परिषद की द्वितीय बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता इतिहासकार श्री श्रीचंद शर्मा द्वारा की गई, उन्होंने कहा कि जौनसार बाबर की उच्च शिक्षा में पीजी कॉलेज साहिया का महत्वपूर्ण योगदान है और भविष्य में महाविद्यालय शैक्षणिक गतिविधियों एवं छात्रहित में प्रदेश ही नही अपितु राष्ट्रभर में जाना जाएगा।

इस अवसर पर महाविद्यालय में शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देष्य से 15 प्रस्ताव की पुष्टि की गई तथा 11 नए प्रस्ताव को गहन चर्चा कर सर्वसम्मति से परिषद में स्वीकार किया गया।

कार्यक्रम का संचालन परिषद की सदस्य सचिव, डॉ. प्रियंका जलाल द्वारा किया गया परिशद की बैठक में महाविद्यालय अध्यक्ष, अनिल सिंह तोमर, प्राचार्य रवि कुमार, अभिभावक-शिक्षक समिति कार्यकारिणी के अध्यक्ष माया सिंह राठौड़ साथ-साथ डॉ. शशिकला, डॉ चंद्रिका, डॉ रेनू देवी, आशा, रेखा, रिंकूदास, वरूण प्रसाद, प्रदीप कुमार, भरत सिंह, एवं आमंत्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारी, एवं छात्र-प्रतिनिधि याशिका उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कैंसर दिवस पर स्वयंसेवियो द्वारा जन जागरूकता अभियान




**साहिया 07 नवम्बर, 2025।** साहिया कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर **"नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान"** विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं स्थानीय समुदाय में कैंसर रोग के प्रति जागरूकता फैलाना, कारणों, लक्षणों एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी देना एवं लोगों को स्वस्थ और नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। एनएसएस स्वयंसेवियों ने इस अवसर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता की। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने वीर नन्तराम नेगी चौक पर पहुँचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आयोजन में महाविद्यालय एंटी ड्रग क्लिनिक समिति का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम की शुरूआत नशे के विरूद्ध जन जागरूकता रैली से हुई। समिति प्रभारी डॉ. शशिकला ने राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और एनएसएस स्वयंसेवियों एवं छात्र-छात्राओं को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेनू देवी ने अपने संबोधन में कहा कि कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिए नशे से दूर रहना, संतुलित आहार लेना और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करवाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थाध्यक्ष अनिल सिंह तोमर, प्राचार्य डॉ. रवि कुमार, उप-प्राचार्य डॉ. प्रियंका जलाल के साथ समस्त शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्रा उपस्थित रहें।

## उत्तराखण्ड स्थापना दिवस में साहिया कॉलेज की सांस्कृतिक प्रस्तुति



**देहरादून 08 नवम्बर, 2025।** साहिया कॉलेज की सांस्कृतिक टीम ने उत्तराखण्ड स्थापना दिवस (रजत जयंती) समारोह में पारंपरिक लोक नृत्य के माध्यम से जौनसार बाबर की जनजातीय संस्कृति की प्रस्तुति दी।

पारंपरिक वेशभूषा के माध्यम से महाविद्यालय की सांस्कृतिक टीम ने उत्तराखण्ड युवा महोत्सव थीम 2025-26 के अंतर्गत क्षेत्र की समृद्धि सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय अध्यक्ष अनिल सिंह तोमर, सलाहकार निदेशक शक्ति सिंह बर्त्वाल, सांस्कृतिक प्रभारी आशा, सांस्कृतिक सदस्य रिंकूदास एवं छात्र-छात्राओं में काजल, सोनिया, याशिका, मोनिका, आशीष, कशिश तोमर, हेमंत आशीष, प्रांजल, अंकित, आदि उपस्थित रहे।

## रेखाचित्र प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**देहरादून 10 नवम्बर, 2025।** उत्तराखण्ड रजत जयंती के उपलक्ष्य में ग्राफिक ऐरा विश्वविद्यालय में आयोजित रेखाचित्र प्रतियोगिता में सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पीजी) कॉलेज, साहिया की बी.ए. पंचम सेमेस्टर की प्रतिभाशाली छात्रा पूजा ने श्री देव सुमन विश्वविद्यालय की ओर से प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में पूजा ने अपनी रचनात्मक शैली, विषय की प्रभावी अभिव्यक्ति एवं उत्कृष्ट रेखाचित्र से सभी का ध्यान आकर्षित किया स्केचिंग कौशल से सभी का ध्यान आकर्षित किया। महाविद्यालय परिवार ने पूजा की इस उपलब्धि पर गौरव व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# सोशल मीडिया के नवीन रुझानों पर वाद-विवाद प्रतियोगिता



**साहिया 13 नवंबर 2025।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय (पीजी) कॉलेज सहिया में अंग्रेजी एवं समाजशास्त्र विभाग के तत्वाधान में **"सोशल मीडिया के नवीन रुझान (Recent Trends on Social Media)"** विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन, अभिव्यक्ति की क्षमता तथा सोशल मीडिया के प्रभाव के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा।

अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष रेखा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए अपने विचारों को अभिव्यक्त करने, संवाद कौशल विकसित करने तथा आत्मविश्वास बढ़ाने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती है। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार द्वारा विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पक्षों को समझने तथा उसके प्रति एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से विभागों ने विद्यार्थियों में बौद्धिक संवाद, विश्लेषणात्मक सोच और अंतर्विषयक अध्ययन को बढ़ावा देने का प्रयास किया।

इस अवसर पर याशिका, अम्बिका, धीरज, राहुल, रियान्शी, हेमंत, मानसी, मोनिका, आंचल, अमिता आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में बाल दिवस पर रेखाचित्र प्रतियोगिता का आयोजन




**साहिया 14 नवंबर 2025।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय (पीजी) कॉलेज साहिया के चित्रकला विभाग के अंतर्गत बाल-दिवस के अवसर पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता : "पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का छायाचित्र", जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभा दिखाई।

निर्णायक दल के रूप में संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. चंद्रिका एवं समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार द्वारा प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा, द्वितीय स्थान उषा, एवं तृतीय स्थान अभिषेक को प्राप्त हुआ।

महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ. प्रियंका जलाल ने बच्चों से पंडित नेहरू के जीवन से सीख लें और उनके आदर्शों को अपनाएँ का संदेश दिया। चित्रकला विभागाध्यक्ष भारत सिंह ने कहा कि- "आज प्रतियोगिता में प्रस्तुत चित्रों से यह प्रमाणित होता है कि हमारी छात्र-छात्राओं में रचनात्मकता और भाव प्रकाश की अद्भुत क्षमता मौजूद है। ऐसे आयोजनों से उनकी प्रतिभा को मंच मिलेगा और आगे बढ़ने का उत्साह बढ़ेगा।"

# भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती पर भव्य आयोजन

**साहिया 15 नवंबर, 2025।** एसएमआर कॉलेज में जनजातीय समुदाय के अग्रणी आंदोलनकारी एवं समाज सुधारक भगवान् बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती सहर्ष, गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाई गई।

कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप कुमार ने बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और "अबुवा दिसुम अबुवा राज" के संदेश एवं उनके व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि यह दिवस न केवल हमें अपनी जनजातीय पहचान पर गर्व करना सिखाता है, बल्कि सभी संस्कृतियों और समुदायों के सम्मान का संदेश भी देता है।



राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष रिंकूदास भारती ने कहा कि देश की एकता एवं अखंडता तथा सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण एवं विकास में जनजातियों का अद्वितीय योगदान है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदायों ने सम्पूर्ण विश्व को पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता एवं संयुक्त परिवार का संदेश दिया है।

प्राचार्य डॉ. रवि कोठारी ने कहा कि- "हमारा महाविद्यालय स्वयं एक जनजातीय संस्था है, इसलिए यह दिवस हमारे लिए विशेष महत्व रखता है। बिरसा मुंडा का संघर्ष हमें अपने अधिकारों, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदैव प्रेरित करता है।" कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और सभी ने इस दिवस के महत्व को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# काव्य की समकालीन प्रवृत्तियों और बदलते मानदण्डों पर आधारित अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**साहिया 17 नवम्बर, 2025।** महाविद्यालय में हिन्दी विभाग के तत्वावधान में "काव्य की समकालीन प्रवृत्तियों एवं बदलती साहित्यिक कसौटियां" विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। राजकीय महाविद्यालय चकराता के हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ. प्रवेश कुमार त्रिपाठी ने इस विषय पर अत्यंत प्रभावशाली व समसामयिक व्याख्यान प्रस्तुत किया। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. शशिकला ने बताया कि विद्यार्थियों में हिन्दी साहित्य के प्रति गहरी रूचि, संवेदनशीलता और दृष्टि विकसित करने के उद्देश्य से यह व्याख्यान आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में हिन्दी विभाग के छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया और व्याख्यान से महत्वपूर्ण ज्ञान एवं प्रेरणा प्राप्त की। कार्यक्रम में संस्कृत विभाग द्वारा छात्रों के लिए संस्कृत सम्भाषण का प्रारम्भिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. चद्रिका ने कहा कि संस्कृत भाषा के पुनर्जीवन और प्रसार हेतु युवाओं में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। छात्रों ने संस्कृत बोलने और सीखने में विशेष रूचि दिखाते हुए उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में आयुषी, बनिता, सुनील, सोनिया, मनोज, रेखा, अंकित, आशीष, सारिका, अंशिका, सारिका, सुमन, अंकिता, मोनिका, राधिका, सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# साहिया कॉलेज के छात्रों ने किया हनोल मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण




**हनोल 18 नवम्बर, 2025।** एसएमआर कॉलेज के भूगोल विभाग के छात्र–छात्राओं नें टौंस नदी घाटी में अवस्थित जौनसार–बाबर क्षेत्र के प्रसिद्ध हनोल मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को क्षेत्र की भौगोलित संरचना, सांस्कृतिक विरासत तथा स्थलाकृति तथा नदी तंत्र का प्रत्यक्ष अध्ययन कराना रहा। भ्रमण के दौरान छात्र–छात्राओं ने टोंस नदी घाटी की भौगोलिक विशेषताओं, स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों, वनस्पतियों तथा सांस्कृतिक पर्यावरण का अवलोकन किया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने छात्रों को हनोल मंदिर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसकी अनूठी वास्तुकला और स्थानीय जनजातीय मान्यताओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी। भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. रवि कुमार ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में मैदानी अनुभव, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और क्षेत्रीय विविधताओं की समझ विकसित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छात्रों ने भी इसे प्रेरणादायक अनुभव बताते हुए कहा कि ऐसे भ्रमण उन्हें नए भौगोलिक परिप्रेक्ष्यों को समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

महाविद्यालय के संस्थाध्यक्ष अनिल सिंह तोमर ने भूगोल विभाग की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि विद्यार्थी कक्षा के बाहर निकलकर वास्तविक भौगोलिक परिस्थितियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर सकें। इस शैक्षणिक भ्रमण में सनिका चौहान, तनीशा तोमर, शिवानी, नीतू, रविता, पायल, रिया डिमरी, राहुल सिंह राणा, प्रियांशु चौहान, रीता तोमर कनिष्ठ सहायक, काजल, आंशिका नेगी, अर्चिता तोमर, रिया, लुक्यांशी तोमर, आशीष चौहान, तुषार चौहान, सज्जन आदि छात्र–छात्राएं सम्मिलित रहे।

# साहसिक शिविर दल में महाविद्यालय के छात्र का चयन

**मनाली 14 नवम्बर 2025।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित 10 दिवसीय साहसिक शिविर के लिए कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के स्वयंसेवी सुजल जोशी का चयन उत्तराखण्ड प्रान्त से लिए हुआ है। यह शिविर दिनांक 05 नवम्बर से 14 नवम्बर, 2025 तक अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं सम्बद्ध खेल संस्थान, मनाली (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित किया आयोजन का उद्देश्य युवाओं में साहस, अनुशासन एवं सामाजिक भावना को जागृत करने एवं राष्ट्र के लिए समर्पण भावना को उत्पन्न करना रहा।




# आपदा मित्र प्रशिक्षण में साहिया कॉलेज के 25 छात्रों ने किया प्रतिभाग



**भोपालपानी 16 नवम्बर 2025।** महाविद्यालय के 25 छात्र–छात्राओं ने भारत स्काउट्स एंड गाइड्स उत्तराखण्ड द्वारा भोपालपानी, देहरादून में आयोजित आपदा मित्र प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर आपदा प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण कौशल सीखे। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत व बचाव कार्यों में दक्ष बनाना है, जिससे आपात स्थिति में वे समाज की प्रभावी सहायता कर सकें। प्रदेश प्रशिक्षण आयुक्त राम सिंह नेगी ने प्रतिभागियों को आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी निर्णय लेने व संयम, धैर्य बनाए रखने, और कुशलता से स्वयं का बचाव कर मदद करना आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल टीम द्वारा वास्तविक परिस्थितियों पर आधरित अभ्यास कराए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं के साथ अर्थशास्त्र विषय के विभागाध्यक्ष वरुण प्रसाद सेमवाल भी उपस्थित रहें।

# साहिया कॉलेज में RBI की संरचना एवं कार्यशैली पर संगोष्ठी



**साहिया 26 नवंबर 2025।** महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभागीय परिषद द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की संरचना एवं कार्यशैली विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों को RBI के संगठनात्मक ढांचे, इसकी कार्यप्रणाली, मौद्रिक नीति के उपकरणों, बैंकिंग प्रणाली पर इसके नियामक नियंत्रण तथा वित्तीय स्थिरता बनाए रखने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति स्पष्ट एवं व्यवहारिक समझ प्रदान करना था।

अर्थशास्त्र विभागध्यक्ष ने विभागीय गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसी शैक्षणिक संगोष्ठियों से विद्यार्थियों में आर्थिक समझ विकसित होती है, साथ ही वे वित्तीय संस्थानों की भूमिका, नीतिगत निर्णयों के प्रभाव तथा वर्तमान आर्थिक परिदृश्य को अधिक गहरा  से समझ पाते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग समय-समय पर अध्ययन-चर्चा, कार्यशालाएं एवं फील्ड गतिविधियाँ आयोजित कर विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर  रेखा, गंभीर चौहान, नितिन तोमर, रितेश चौहान तथा शिवा, प्रीति, सुष्मिता, निधि, आशीष, कल्पना, नंदिनी, ऋषिता, कशिश, श्यामा आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# खेलो इण्डिया यूनिर्वसिटी गेम्स 2025 में साहिया के पहलवान सागर ने जीता रजत पदक

**भरतपुर 26 नवम्बर 2025।** राजस्थान में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी. ) कॉलेज साहिया के प्रतिभाशाली पहलवान सागर ने श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए 70 किलोग्राम फ्री-स्टाइल कुश्ती वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीता। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के 23 राज्यों से 200 से अधिक विश्वविद्यालयों ने भाग लिया, जिसमें 5000 से अधिक खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में अपना कौशल दिखाया। इतने बड़े प्रतिस्पर्धी मंच पर सागर का प्रदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। सागर ने प्रतियोगिता में बेहतरीन तकनीक और साहस का परिचय देते हुए तेलंगाना, पंजाब और हरियाणा के दिग्गज खिलाड़ियों को पराजित कर फाइनल तक का सफर तय किया। स्वर्ण पदक के लिए हुए रोमांचक मुकाबले में उन्होंने जबरदस्त संघर्ष किया और मामूली अंतर से दूसरा स्थान प्राप्त किया।




महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय प्रशासन ने सागर की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता न केवल संस्थान के लिए गौरव का विषय है, बल्कि प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत भी है। टीम मैनेजर डॉ. रवि कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा- "सागर का प्रदर्शन अनुशासन, मेहनत और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय और विश्वविद्यालय दोनों की प्रतिष्ठा को न  ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। यह उपलब्धि आने वाले खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगी।" सागर की यह उपलब्धि महाविद्यालय के खेल इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगी।

# अंतर-महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में साहिया महाविद्यालय ने जीते दो रजत पदक

**देहरादून 26-27 नवम्बर 2025।** श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025-26 में सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय (पीजी) कॉलेज, साहिया के छात्र शुभम (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो रजत पदक अर्जित किए। यह प्रतियोगिता देहरादून स्थित जसपाल राणा इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स में आयोजित की गई।

शुभम ने लंबी कूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान (सिल्वर मेडल) प्राप्त किया, साथ ही 100 मीटर दौड़ स्पर्धा में भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान (सिल्वर मेडल) हासिल किया। दोनों स्पर्धाओं में उनका यह प्रदर्शन महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय रहा।

प्रतियोगिता में महाविद्यालय टीम की ओर से सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधि विभाग प्रभारी सुश्री आशा सिंह टीम मैनेजर के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्रों की उपलब्धि पर खुशी प्रकट करते हुए कहा कि "हमारे छात्रों ने सीमित संसाधनों के बावजूद उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और प्रतिबद्धता का परिणाम है।"



महाविद्यालय परिवार ने शुभम को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# साहिया महाविद्यालय में लागू हुआ खेल कोटा

**साहिया 2 दिसम्बर 2025।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पी.जी. कॉलेज में शैक्षणिक परिषद की तृतीय बैठक आयोजित हुई। महाविद्यालय में खेल कोटा लागू करने की घोषणा की गई, जिससे खिलाड़ियों को मुक्त प्रवेश मिल सकेगा। बैठक में कुल 10 प्रस्तावों पर चर्चा हुई। खेल कोटा में चार प्रमुख खेल कबड्डी, वॉलीबाल, कुश्ती व एथलेटिक्स को शामिल किया गया है। खेल कोटा के अंतर्गत वार्षिक सीटों का आवंटन किया गया है जिसके आधार पर कबड्डी में 10 पुरुष, 10 महिला, वॉलीबाल पांच महिला और पांच पुरुष, कुश्ती पांच पुरुष और पांच महिला, एथलेटिक्स पांच पुरुष और पांच महिला तय किया गया है।

**प्रतिवर्ष 50 नये खिलाड़ियों को मिलेगा निशुल्क प्रवेश**



राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश के उद्देश्य से खेल कोटा नियमावली से महाविद्यालय में प्रतिवर्ष विभिन्न पाठयक्रमों में कुल 250 छात्र-छात्राएं लाभांवित होगे। खेल कोटा में मुख्य रूप से चार खेलों- कबड्डी, वॉलिबाल, कुश्ती एवं एथलेटिक्स को प्राथमिकता दी गई ताकी खिलाड़ियों का राज्य, नॉर्थजोन एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हो सके और आर्थिक रूप से महाविद्यालय की और से सहायता प्रदान की जा सके।

बैठक में महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह तोमर, प्राचार्य डॉ. रवि कुमार, उप-प्राचार्य डॉ. प्रियंका जलाल, परिषद सदस्य डॉ. शशिकला, डॉ. रेनू देवी, रेखा, प्रदीप कुमार, रिंकूदास, वरूण प्रसाद सेमवाल भरत सिंह, सुनील शर्मा, नितिन तोमर, कमल सिंह नेगी, सुमन तोमर आदि उपस्थित रहे।

# नॉर्थ जोन वॉलीबॉल प्रतियोगिता में साहिया कॉलेज के दो खिलाड़ियों का चयन



**चम्बा 7 दिसम्बर 2025।** महाविद्यालय के खिलाड़ी "ऋतिक तोमर और अभिषेक ठाकुर का चयन "श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय" की टीम में हुआ है। ये दोनों खिलाड़ी "अंतर-विश्वविद्यालय नॉर्थ जोन वॉलीबॉल प्रतियोगिता" में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता "9 से 13 दिसंबर 2025" तक "केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा" में आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर के अनेक विश्वविद्यालयों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। खिलाड़ियों के चयन पर महाविद्यालय में हर्ष का वातावरण है। इस अवसर पर "महाविद्यालय अध्यक्ष अनिल सिंह तोमर" ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय के लिए, बल्कि "पूरे जौनसार-बावर क्षेत्र" के लिए गौरव की बात है। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

# रतन सिंह जौनसारी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**साहिया 10 दिसम्बर, 2025।** महाविद्यालय में जौनसारी लोक कवि रतन सिंह जौनसारी, गुरूजी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के संयुक्त निदेशक श्री के.एस. चौहान ने कहा की रतन सिंह जौनसारी न केवल एक जौनसारी कवि थे, बल्कि जौनसार-बाबर की आत्म और लोकसंवेदना के स्वर थे। इस अवसर पर विधानसभा के पूर्व सूचना अधिकारी श्री भारत सिंह चौहान, महाविद्यालय प्राचार्य, उप-प्राचार्य, एवं शिक्षकों में डॉ. शशिकला, डॉ. चन्द्रिका, डॉ. रेनु देवी, सुश्री रेखा, श्री भरत सिंह, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी, श्री गम्भीर सिंह चौहान, नितिन तोमर, श्री रितेश चौहान आदि उपस्थित रहें।

# देवभूमि संस्कृति एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2025 का सफल आयोजन

**साहिया 24 दिसम्बर 2025।** राज्य आंदोलनकारी स्व. इंद्रमणि बडोनी जी की जयंती के अवसर पर उत्तराखण्ड शिक्षा विभाग, महाविद्यालय ग्लोबल शिक्षा समिति तथा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में "देवभूमि सांस्कृतिक एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2025" का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कालसी ब्लॉक के 14 राजकीय इंटर कॉलेजों से कुल 734 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। 'लोक संस्कृति दिवस' के उपलक्ष्य में आयोजित 'देवभूमि सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2025' में 10 विद्यालयों के 80 छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान नशा विरोधी जन जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें विभिन्न विद्यालयों से आये प्रतिभागी सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर समाज को नशे से दूर रहने का सशक्त संदेश दिया।

'सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2025' में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले निहाल बिष्ट को 21,000, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली मानवी चौहान को 11,000, व तृतीय स्थान पर रही वंशिका वर्मा को 5100 का पुरस्कार धनराशि प्रदान की गयी। 'सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2025' में प्रथम स्थान पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कोरूवा की टीम को रुपये 5,100 और द्वितीय स्थान पर राजकीय इंटर कॉलेज साहिया को रुपये 2,100 का पारितोषित दिया गया। साथ ही सभी प्रतिभागी छात्र



छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। खंड शिक्षा अधिकारी, भुवनेश्वर प्रसाद ने कहा- कि यह आयोजन छात्रों में प्रारंभिक स्तर से ही प्रतियोगी परीक्षा तैयारी व जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से किया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय चेयरमैन, अनिल सिंह तोमर, खण्ड शिक्षा अधिकारी, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख, अनिल तोमर, सजग इंडिया के संयोजक, श्री ललित जोशी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री पंकज गैरोला एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रवि कुमार के साथ-साथ सभी शिक्षक एवं शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय एकता शिविर जयपुर में महाविद्यालय के दो छात्रों ने किया प्रतिभाग



**जयपुर 25 से 31 दिसम्बर, 2025।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एस एस जैन सुबोध पीजी कॉलेज जयपुर में राष्ट्रीय एकता शिविर 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से दो स्वयंसेवी याशिका सिंह, बीए तृतीय सेमेस्टर व दिनेश चौहान बीए पंचम सेमेस्टर एवं श्री वरुण प्रसाद सेमवाल, एन एस एस अधिकारी द्वारा श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विष्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया गया। शिविर का मुख्य उद्देष्य देश के विभिन्न राज्यों से आए स्वयंसेवकों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सांस्कृतिक समन्वय एवं आपसी भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करना है। शिविर के दौरान विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, विचार विमर्श सत्र, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति एवं मतदाता जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास से संबंधित गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें महाविद्यालय के दोनों स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

# भारतीय ज्ञान परंपरा: शिक्षा, विज्ञान एवं समाज में समकालीन प्रासंगिकता विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



**सहिया 2 जनवरी 2026।** महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा शिक्षा, विज्ञान एवं समाज में समकालीन प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हाइब्रिड माध्यम (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) से सफल आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

संगोष्ठी का उद्घाटन श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर एन के जोशी द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया, जिसमें उन्होंने वेदों एवं उपनिषदों की दार्शनिक, वैज्ञानिक और नैतिक परंपरा को आधुनिक शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए मार्गदर्शक बताया।

संगोष्ठी के द्वितीय सत्र के अध्यक्षता प्रोफेसर दिनेश शर्मा, ऋषिकेश परिसर द्वारा की गई जिसमें डॉ. राजकुमारी भंडारी, राजकीय महाविद्यालय डाकपत्थर, डॉ. हरिओम शंकर, डीएवी (पीजी) कॉलेज देहरादून, डॉ. सुमेर चंद, राजकीय महाविद्यालय चकराता, डॉ. मंजू भंडारी, राजकीय महाविद्यालय देहरादून शहर एवं डॉक्टर पूजा पालीवाल, राजकीय महाविद्यालय डाकपत्थर द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों को समकालीन संदर्भों को से जोड़ते हुए शोध परक विचार प्रस्तुत किए गये।

ऑनलाइन माध्यम से प्रोफेसर कल्पना पंत के संयोजन में डॉ. रमेश प्रसाद अहीरवाल, मध्य प्रदेश, डॉ. सानू सिन्हा, असम, डॉ. सौरभ कपूर, उड़ीसा, डॉ गजेंद्र प्रताप, दिल्ली एवं डॉ. दीक्षित अजवानी, राजस्थान द्वारा अकादमिक विमर्श को समृद्ध किया गया।

तृतीय सत्र का नेतृत्व डॉ. गौरव वार्ष्णेय द्वारा किया गया जिसमें डॉ. निरंजन कुमार, डॉ. माधुरी रावत, डॉ. अनिल शाह, डॉ. प्रवेश त्रिपाठी एवं डॉ. चंद्रिका द्वारा भारतीय प्राचीन शिक्षा प्रणाली एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली में समायोजन के महत्व पर चर्चा की गई।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि पदम श्री कल्याण सिंह रावत ने भारतीय ज्ञान परंपरा को लोकजीवन, प्रकृति एवं मूल्य आधारित शिक्षा से जुड़ा बताते हुए इसकी समकालीन उपयोगिता पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय चेयरमैन श्री अनिल सिंह तोमर द्वारा सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# विश्व हिन्दी दिवस पर महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन




**साहिया 10 जनवरी 2026।** महाविद्यालय में अतिरिक्त शैक्षणिक क्रियाकलाप एवं वार्षिक गतिविधि समिति के तत्वावधान में विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिन्दी भाषा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा इसके संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को रेखांकित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ समिति की प्रभारी सुश्री आशा सिंह के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने हिंदी भाषा के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की संवाहक है तथा राष्ट्र को एकसूत्र में बाँधने का कार्य करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग एवं इसके प्रचार प्रसार में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्राध्यापक श्री रिंकुदास भारती एवं श्री प्रदीप कुमार ने हिंदी विषयक कविताओं का सस्वर पाठ किया तथा हिंदी की वैश्विक पहचान, बदलते समय में इसकी उपयोगिता और आधुनिक संदर्भों में इसकी प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किए। उनके प्रेरणादायी वक्तव्यों से विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि एवं सम्मान की भावना विकसित हुई।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ· चन्द्रिका ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में हिंदी को भारतीय संस्कृति, आत्मबोध एवं राष्ट्रीय चेतना की सशक्त भाषा बताते हुए कहा कि हिंदी का संरक्षण हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों को अध्ययन, शोध एवं दैनिक जीवन में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया।

सम्पूर्ण कार्यक्रम गरिमामय, प्रेरणादायी एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वाँ गणतंत्र दिवस




**साहिया 26 जनवरी 2026।** एसएमआर कॉलेज में 77वाँ गणतंत्र दिवस अत्यंत उत्साह, गरिमा एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप-प्राचार्य, प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुशील जी, पदाधिकारी कृषि मंडी समिति साहिया द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वजारोहण के पश्चात सभी उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया। महाविद्यालय के संस्थाध्यक्ष अनिल सिंह तोमर ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

महाविद्यालय की उप-प्राचार्य डॉ· प्रियंका जलाल ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, कर्तव्यबोध एवं राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें सरस्वती वंदना, देशभक्ति गीत, सामूहिक नृत्य, नज़्म एवं एकल नृत्य प्रमुख रहे। विशेष रूप से याशिका की प्रभावशाली प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय के गगनभेदी उद्घोष एवं मिष्ठान वितरण के साथ हुआ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थाध्यक्ष अनिल सिंह तोमर, सुनील दत्त शर्मा, डॉ·· चंद्रिका, डॉ· रेनू देवी, रिंकू दास भारती, वरुण सेमवाल, प्रदीप कुमार, आशा, रेखा, कार्यक्रम संयोजक डॉ·· शशिकला, सह-संयोजक भरत सिंह, सुरभि, काजल, गीता, अनीता, खुशी, रीता तोमर, गंभीर तोमर, मनोज, सचिन, कशिश, नंदिनी, याशिका, सोनिया, मोनिका, सारिका, गंभीर चौहान, मुकेश तोमर, नितिन तोमर, अक्षय तोमर, नरेश चौहान, साहिल राय सहित अनेक छात्र-छात्राएँ एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# छात्रों के उज्ज्वल भविष्य हेतु पीजी कॉलेज साहिया में एक दिवसीय करियर काउंसलिंग का आयोजन



**साहिया 31 जनवरी, 2026।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया में करियर एवं प्लेसमेंट विभाग के तत्वावधान में "सफलता के मार्ग : उद्देश्य और आत्मविश्वास के साथ करियर निर्माण" शीर्षक पर एक दिवसीय करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, तत्पश्चात् महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने स्वागत वक्तव्य से उपस्थित विषय विशेषज्ञ वक्ताओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. पंकज चौहान, वरिष्ठ वैज्ञानिक, वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान, देहरादून (भारत सरकार) एवं सहायक प्राध्यापक, ए.सी.एस.आई., गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) तथा श्री अनिल दत्त शर्मा (IIS) भारतीय सूचना सेवा (मीडिया), देहरादून (भारत सरकार) एवं मनोज पांडेय, (मीडिया यंग प्रोफेशनल) प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो, भारत सरकार ने प्रतिभाग किया। मुख्य वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को करियर चयन, प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं, आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण एवं वर्तमान समय में उपलब्ध विविध करियर अवसरों से संबंधित महत्वपूर्ण एवं मार्गदर्शक जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने रुचि एवं क्षमताओं के अनुसार करियर चुनने तथा निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजक करियर प्लेसमेंट विभाग के प्रभारी प्रदीप कुमार द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे मार्गदर्शन कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं द्वारा करियर से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए, जिसका मुख्य वक्ताओं ने विस्तारपूर्वक समाधान किया। कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ. प्रियंका जलाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सेवा, जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर एनएसएस विशेष शिविर का समापन

**साहिया, 17 मार्च 2026।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय (पी. जी) कॉलेज, साहिया की एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम ककाड़ी, विकासखंड कालसी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। 11 से 17 मार्च तक चले शिविर में स्वयंसेवियों ने स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता और स्थानीय ज्ञान के संरक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता की।

शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राचार्य डॉ. रवि कुमार ने पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया। महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं से संवाद कर उनके अधिकारों एवं सामाजिक-आर्थिक भूमिका पर चर्चा की गई। स्थानीय पारंपरिक ज्ञान एवं औषधीय पौधों के संरक्षण पर भी ग्रामीणों से जानकारी साझा की गई।

समापन अवसर पर उपप्राचार्य डॉ. प्रियंका जलाल ने स्वयंसेवियों को प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए उनके सेवा कार्यों की सराहना की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी वरुण प्रसाद सेमवाल ने महाविद्यालय प्रशासन, ग्राम पंचायत, ग्रामीणों एवं स्वयंसेवियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सामाजिक एवं जनसंपर्क विभाग प्रभारी डॉ. रेनू, एनएसएस स्वयंसेवी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। शिविर ने विद्यार्थियों में सेवा, नेतृत्व, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया।



# चार विकास खण्डों के 40 विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 जागरूकता अभियान का आयोजन

**यमुना घाटी 26 नवम्बर 2025 से 7 फरवरी 2026।** महाविद्यालय के प्रवेश एवं शैक्षणिक नीति विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं उसके व्यापक प्रसार–प्रचार के उद्देश्य से विभिन्न विद्यालयों में एक विस्तृत जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की नवीन व्यवस्था, उसके परिवर्तित ढांचे, बहुविषयक अध्ययन प्रणाली तथा भविष्य में उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों के बारे में समुचित जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे अपने कैरियर संबंधी निर्णय अधिक समझदारी, स्पष्टता एवं आत्मविश्वास के साथ ले सकें।

कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रमुख प्रावधानों, बहुविषयक शिक्षा प्रणाली, कौशल–आधारित अध्ययन, उच्च शिक्षा की नई संरचना तथा आधुनिक समय की करियर संभावनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अनेक प्रश्न पूछे तथा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस अभियान के माध्यम से लगभग 1465 छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के उद्देश्यों, उसके नवीन प्रावधानों तथा भविष्य की शैक्षणिक एवं व्यावसायिक संभावनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

इस प्रकार यह जागरूकता अभियान विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करने, उन्हें नई शिक्षा नीति की विशेषताओं से परिचित कराने तथा उनके भविष्य को सही दिशा प्रदान करने की दृष्टि से अत्यंत सफल एवं प्रभावी सिद्ध हुआ। यह कार्यशाला मुख्य रूप से चार चरणों में क्रियान्वित की गई जो इस प्रकार है–

**प्रथम चरण:** 'प्रथम चरण' के अंतर्गत रेनबो चिल्ड्रंस एकेडमी, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज कालसी, राजकीय इंटर कॉलेज नगऊखेत, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज साहिया, राजकीय इंटर कॉलेज बेसोगिलानी, राजकीय इंटर कॉलेज कचटा गांगरूऊ, राजकीय इंटर कॉलेज मुंधान, राजकीय इंटर कॉलेज कौटी कालोनी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हरिपुर तथा कारगिल शहीद राजीव पुंडिर राजकीय इंटर कॉलेज बाढ़वाला में कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

## प्रथम चरण:



रेन्बो चिन्ड्रेन्स एकेडमी, बाढ़वाला



अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, कालसी



राजकीय इंटर कॉलेज नगऊखेत



अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, साहिया




राजकीय इंटर कॉलेज, कचटा गांगरोऊ



राजकीय इंटर कॉलेज, मुन्धान



राजकीय इंटर कॉलेज कोटी कॉलोनी




राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हरिपुर




कारगिल शहीद राजीव पुंडीर राजकीय इंटर कॉलेज बाडवाल



राजकीय इंटर कॉलेज बेसोगिलानी

# द्वितीय चरण

'द्वितीय चरण' में राजकीय इंटर कॉलेज दसऊ, राजकीय इंटर कॉलेज क्वानू, राजकीय इंटर कॉलेज अटाल, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज त्यूनी, राजकीय इंटर कॉलेज आराकोट (उत्तरकाशी), राजकीय इंटर कॉलेज मुंधोल, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज भटाड, राजकीय इंटर कॉलेज कैराड, राजकीय इंटर कॉलेज चिल्लाड, राजकीय इंटर कॉलेज सावडा, राजकीय इंटर कॉलेज खरोडा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कोटी कनासर, नैन सिंह रावत राजकीय इंटर कॉलेज बुल्हाड, राजकीय इंटर कॉलेज काण्डोई भरम तथा राजकीय इंटर कॉलेज बिनसौन में कार्यक्रम आयोजित किए गए।




राजकीय इंटर कॉलेज क्वानू




राजकीय इंटर कॉलेज दसऊ




राजकीय इंटर कॉलेज हटाल



अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज त्यूनी




अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज आराकोट, उत्तरकाशी




राजकीय इंटर कॉलेज मुन्धौल



राजकीय इंटर कॉलेज चिल्लाड़




राजकीय इंटर कॉलेज सावड़ा




राजकीय इंटर कॉलेज खरोडा



राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कोटी कनासर




नैन सिंह रावत राजकीय इंटर कॉलेज बुल्हाड़




राजकीय इंटर कॉलेज काण्डोई भरम




राजकीय इंटर कॉलेज बिनसौन

# तृतीय चरण

'तृतीय चरण' के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज साहिया, राजकीय इंटर कॉलेज लखवाड, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री केदार सिंह राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज नागथात कालसी, राजकीय इंटर कॉलेज कुन्ना डांगुरा, राजकीय इंटर कॉलेज ग्वासापुल, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज क्वासी, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज लाखामंडल, राजकीय इंटर कॉलेज चकराता, राजकीय इंटर कॉलेज मेहरावना, केंट इंटर कॉलेज चकराता तथा राजकीय इंटर कॉलेज पजिटीलानी में कार्यशालाएं संपन्न हुईं।



राजकीय बालिका इंटर कॉलेज साहिया



राजकीय इंटर कॉलेज लखवाड



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री केदार सिंह आदर्श इंटर कॉलेज नागथान



राजकीय इंटर कॉलेज कुन्ना डागुरा



राजकीय इंटर कॉलेज ग्वासा पुल



राजकीय इंटर कॉलेज क्वासी




अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज लाखामंडल




राजकीय इंटर कॉलेज चकराता



राजकीय इंटर कॉलेज मेहरावना




केंट इंटर कॉलेज चकराता



राजकीय इंटर कॉलेज पजिटीलानी

# चतुर्थ चरण

'चतुर्थ चरण' में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई यमुना कॉलोनी डाकपत्थर, शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नेहरू मार्केट डाकपत्थर, आसाराम वैदिक इंटर कॉलेज विकास नगर, राजकीय इंटर कॉलेज कौरवा तथा राजकीय इंटर कॉलेज टिमली में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।



सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज नई यमुना कॉलोनी डाकपत्थर




शिशु विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज नेहरू मार्केट डाकपत्थर




राजकीय इण्टर कॉलेज टिमली




राजकीय इण्टर कॉलेज कौरवा

इन कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रमुख प्रावधानों, बहुविषयक शिक्षा प्रणाली, कौशल–आधारित अध्ययन, उच्च शिक्षा की नई संरचना तथा आधुनिक समय की करियर संभावनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अनेक प्रश्न पूछे तथा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस अभियान के माध्यम से लगभग 1465 छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के उद्देश्यों, उसके नवीन प्रावधानों तथा भविष्य की शैक्षणिक एवं व्यावसायिक संभावनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस प्रकार यह जागरूकता अभियान विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करने, उन्हें नई शिक्षा नीति की विशेषताओं से परिचित कराने तथा उनके भविष्य को सही दिशा प्रदान करने की दृष्टि से अत्यंत सफल एवं प्रभावी सिद्ध हुआ।

# राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन, जयपुर में साहिया पीजी कॉलेज का व्याख्यान

**राजस्थान 16-17 फरवरी 2026।** विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम में सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पी.जी. कॉलेज साहिया को उत्कृष्ट संस्थागत कार्यप्रणाली के लिए मंच प्रदान किया गया। देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों के नेतृत्वकर्ताओं के बीच अंतर संस्थागत विकास पर विचार-विमर्श के दौरान उत्तराखंड से एकमात्र हमारे महाविद्यालय का चयन हुआ।

एस.एम.आर. महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक रिंकूदास भारती ने संस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए विकेंद्रीकृत प्रबंधकीय एवं प्रशासनिक प्रणालियों, नवाचारी प्रयोगों तथा जनजातीय समाज जौनसार-बावर के छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक उन्नयन पर व्याख्यान दिया। उन्होंने साहिया डिग्री कॉलेज स्थापित करने हेतु 1988 के मुन्ना सिंह राणा के नेतृत्व में हुए व्यापक जन आंदोलन से लेकर ग्लोबल शिक्षा समिति द्वारा 2010 में दूरस्थ शिक्षा केंद्र स्थापित करने एवं अंततः 2017 में सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय कॉलेज साहिया की स्थापना के इतिहास को बताया। वर्तमान में महाविद्यालय संस्थागत एवं दूरस्थ शिक्षा से सैकड़ों छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान कर रहा है तथा निर्धन छात्रों को शुल्क छूट, राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को खेल कोटा में निःशुल्क प्रवेश देकर वंचित वर्ग का उत्थान कर रहा है।

उन्होंने अपने व्याख्यान में महाविद्यालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 जगरूकता अभियान कार्यक्रम की जानकारी भी दी। इस सत्र के दौरान केंद्रीय विश्वविद्यालय



जम्मू के कुलपति प्रो. संजीव जैन पीठासीन के साथ मोडरेटर प्रो. सम्पत कुमार सहित कुलपति, निदेशक, चेयरमैन, शिक्षाविद् आदि विद्वान उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु विश्वविद्यालय कबड्डी टीमों का 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर साहिया कॉलेज में सम्पन्न

**साहिया 11-21 फरवरी, 2026।** श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय की पुरुष एवं महिला कबड्डी टीमों का 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर 11 फरवरी से 21 फरवरी 2026 तक सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया में आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड राज्य स्तरीय अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन 23 से 26 फरवरी 2026 तक गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में किया जा रहा है। इसी प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु विश्वविद्यालय की पुरुष एवं महिला वर्ग को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण शिविर के दौरान खिलाड़ियों ने टीम कोच अंकित शर्मा के मार्गदर्शन में तकनीकी कौशल, सामूहिक समन्वय एवं मानसिक





दृढ़ता को सुदृढ़ करने पर विशेष प्राप्त किया।

पुरुष वर्ग के कप्तान अभिनव शर्मा एवं महिला वर्ग की कप्तान दीक्षा रावत के नेतृत्व में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं का चयन विश्वविद्यालय स्तर पर किया गया है। महिला टीम में दीक्षा रावत, शालू, रितिशा, प्रीति, अमीषा, अनुप्रिया, कंचन, खुशी, स्मिता, किरन एवं संजना शामिल हैं। पुरुष वर्ग में अभिनव शर्मा, गोविंद, राहुल, रोहित नेगी, नितेश, कृष, युवराज, आयुष, आशुतोष एवं शुभम कुमाई शामिल हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने दोनों टीमों को शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की है कि वे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगे।

# राज्यपाल ट्रॉफी जीतने में साहिया कॉलेज के खिलाड़ियों का अहम योगदानः पुष्कर गौड़

**पन्तनगर 23 से 26 फरवरी, 2026।** उत्तराखण्ड राज्य अन्तर-विश्वविद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता 23-26 फरवरी, 2026 को गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में आयोजित हुयी, जिसमें श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल ट्रॉफी का खिताब विश्वविद्यालय के नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत में महाविद्यालय के 11 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमे से कबड्डी पुरुष वर्ग में 6 खिलाडीयों व महिला वर्ग 3 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक तथा बॉलीवाल पुरुष वर्ग में 2 खिलाड़ियों रजत पदक जीतकर महाविद्यालय परिवार व विश्वविद्यालय को गौरवन्वित किया। विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव डॉ. पुष्कर गौड़ ने कहा कि राज्यपाल ट्राफी जीतने में साहिया कॉलेज का अहम योगदान रहा है। कबड्डी पुरुष वर्ग में अभिनव शर्मा (कप्तान), गोविन्द चौहान, राहुल तोमर, रोहित नेगी, नितेश व युवराज तथा महिला वर्ग में दीक्षा रावत



(कप्तान), शालू व रितिशा ने प्रतिभाग किया। बॉलीबाल प्रतियोगिता में ऋतिक तोमर  व अभिषेक ठाकुर ने प्रतिभाग किया।

## शैक्षणिक परिषद् की बैठक में महाविद्यालय के वार्षिक बजट पर चर्चा

साहिया 28 फरवरी, 2026। एसएमआर कॉलेज में शैक्षणिक परिषद् की पंचम बैठक पुस्तकालय व वाचनालय कक्ष में सम्पन्न की गई। बैठक के प्रथम सत्र में प्रत्येक विभागाध्यक्षों द्वारा शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों की मासिक आख्या को प्रस्तुत किया गया। बैठक के द्वितीय सत्र में 6 प्रस्तावों पर चर्चा की गई। महाविद्यालय सत्र 2026-27 के वार्षिक बजट पर चर्चा हुयी जिसमें संस्थाध्यक्ष महोदय द्वारा 11 विभागों के अंतर्गत कुल पांच मदों में प्रतिवर्श 55 लाख रूपये के बजट को स्वीकृति प्रदान की गयी। इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष, प्राचार्य, उप-प्राचार्य, समस्त विषय-प्राध्यापक व शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण उपस्थित रहें।





## महिला दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन

**साहिया 07 मार्च, 2026।** एसएमआर कॉलेज में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में कार्यरत सहायक प्राध्यापिकाओं एवं महिला कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों एवं महाविद्यालय में उनेक योगदान के लिये पारंपरिक जौनसारी ढॉटू भेंट कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय चेयरमैन श्री अनिल सिंह तोमर ने महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापिकाओं, डॉ. शशिकला, डॉ. चन्द्रिका, डॉ. रेनु, आशा, रेखा, तथा महिला कर्मचारी सुरभि वर्मा, खुशी, गीता देवी को सम्मानित करते हुए वर्तमान समय में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर अन्य सदस्य प्राचार्य, डॉ. रवि कुमार, रिंकुदास, प्रदीप कुमार वरुण प्रसाद, भरत सिंह, गम्भीर चौहान, गम्भीर तोमर, नितिन तोमर, रितेश चौहान, मुकेश तोमर, साहिल राय उपस्थित रहे।

# साहिया कॉलेज की 28 छात्राओं को मिली 30–30 हजार रुपये अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति

साहिया। सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, साहिया में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय फॉलो–अप कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रवृत्ति प्राप्त छात्राओं से संवाद स्थापित कर छात्रवृत्ति के उपयोग, शैक्षिक प्रगति तथा उनके अनुभवों की जानकारी प्राप्त करना था।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. चंद्रा ने बताया कि अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति योजना का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों से उत्तीर्ण छात्राओं को उच्च शिक्षा से जोड़ना, उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना तथा लैंगिक असमानता को कम करना है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र छात्राओं को प्रतिवर्ष 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

ब्लॉक समन्वयक संजीव कुमार ने छात्राओं से संवाद करते हुए छात्रवृत्ति के सदुपयोग की जानकारी ली। छात्राओं ने बताया कि उन्होंने इस राशि का उपयोग ट्यूशन फीस, परीक्षा आवेदन शुल्क के भुगतान तथा ऑनलाइन अध्ययन के लिए स्मार्टफोन खरीदने में किया है। उन्होंने अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहायता से उनकी पढ़ाई को नई दिशा मिली है।

महाविद्यालय की उप–प्राचार्या डॉ. प्रियंका जलाल ने बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय की 28 प्रथम वर्ष की छात्राओं को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा 30–30 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।

महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह तोमर ने छात्राओं को बधाई देते हुए उन्हें छात्रवृत्ति का उपयोग उच्च शिक्षा, कौशल विकास एवं अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला के दौरान छात्राओं के समग्र विकास के दृष्टिकोण से स्वस्थ जीवनशैली एवं संतुलित पोषण के महत्व पर भी विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने अनुभव साझा किए और छात्रवृत्ति योजना को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।



# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

## विशेष अध्ययन केन्द्र कोड - 11130

## परीक्षा केन्द्र कोड - 58

## सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज साहिया, देहरादून

# प्रवेश प्रारम्भ

बी.ए. | बी.कॉम

एम.ए. | एम.कॉम. | एम.एस.डब्ल्यू

**विशेष - जनजाति महिला छात्राओं को फीस में 15 प्रतिशत की छूट**

**संपर्क करें -**

**01360-298172, 7906624646**

# सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज

# S.M.R. JANJATIYA (P.G.) COLLEGE

Affiliated to Sri Dev Suman Uttarakhand University

www.smrpgcollege.in
smrpgcollege@gmail.com

## प्रवेश प्रारम्भ : सत्र 2026–2027

### स्नातक पाठ्यक्रम – बी.ए.

**सामान्य विषय** : हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, इतिहास, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र

**प्रयोगात्मक विषय** : गृह विज्ञान, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, चित्रकला

### स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम – एम.ए.

**सामान्य विषय** : हिन्दी, अंग्रेजी,राजनीति विज्ञान, इतिहास

**प्रयोगात्मक विषय** : गृह विज्ञान, शिक्षाशास्त्र

सरकारी स्कूल के 12वीं पास छात्राओं के लिए
30 हजार रुपये वार्षिक छात्रवृति की सुविधा



### साहिया कॉलेज की 22 छात्राओं को मिली 30-30 हजार रुपये की अज़ीम प्रेमजी छात्रवृत्ति

**एसएमआर जनजातीय पीजी कॉलेज साहिया में अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन की कार्यशाला में छात्राओं ने साझा किए छात्रवृत्ति से मिले लाभ**

सुबह सूचना




**साहिया।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय फॉलो-अप कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्रवृत्ति प्राप्त छात्राओं से संवाद कर छात्रवृत्ति के उपयोग एवं उनके शैक्षिक अनुभवों की जानकारी ली गई। मुख्य वक्ता डॉ. चंद्रा ने बताया कि अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति योजना का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों से उत्तीर्ण छात्राओं को उच्च शिक्षा से जोड़ना, महाविद्यालयों में उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना और लैंगिक असमानता को कम करना है। योजना के अंतर्गत पात्र छात्राओं को प्रतिवर्ष 30 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। ब्लॉक समन्वयक संजीव कुमार ने छात्राओं से संवाद करते हुए छात्रवृत्ति के सदुपयोग की जानकारी ली। छात्राओं ने बताया कि उन्होंने इस राशि का उपयोग ट्यूशन फीस, परीक्षा आवेदन शुल्क और ऑनलाइन अध्ययन के लिए स्मार्टफोन खरीदने में किया है। उन्होंने फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय की उप-प्राचार्या डॉ. प्रियंका जलाल ने बताया कि वर्तमान सत्र में प्रथम वर्ष की 22 छात्राओं को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा 30-30 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि वे इस सहायता का उपयोग अपनी उच्च शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में करें। इस अवसर पर स्वस्थ जीवनशैली एवं पोषण के महत्व पर भी विशेष चर्चा की गई।

समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण फार्म भरते समय कॉलेज कोड 309 का चयन करें।

**सम्पर्क सूत्र : 9719491931, 9084782425, 9410508036**

vfoLej.kh; Lefr;k% Lo- efgiky flag rkej





## सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज

## S.M.R. JANJATIYA (P.G.) COLLEGE

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध-309

**साहिया, तहसील-कालसी, देहरादून-248196 उत्तराखण्ड**

फोन नं.: 01360-298172, 9759491931, 7906624646, 9759591931, 9410508036

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विशेष अध्ययन केन्द्र कोड 11130

फोन नं.: 0135-2719867, 9719491931, 9759491934, 7579244111


**Printed by Priyanka Graphic Printers 7017695204**